तापमान

अधिकतम 36 डिग्री

न्यूनतम 22 डिग्री

# हरिभूमि
# कोरिया भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 14 अप्रैल 2026

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर

2 कन्हर एनीकट के सौंदर्यीकरण एवं जीर्णोद्धार हेतु 3.5 करोड़ स्वीकृत



## खबर संक्षेप

### मानस भवन में अंबेडकर जयंती आज

**बैकुण्ठपुर।** सर्व अंबेडकर मूल निवासी विचार मंच कोरिया के तत्वाधान में 14 अप्रैल को शहर के सिविल लाइन स्थित मानस भवन में अंबेडकर जयंती के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मानस भवन में उक्त कार्यक्रम 13 अप्रैल को प्रातः 11 से सायं 6 बजे तक आयोजित की जाएगी। आयोजित कार्यक्रम में जिलेभर के जनप्रतिनिधियों, बुद्धजीवियों, माताओं, युवाओं, व्यापारी, मजदूर किसान सभी वर्ग के लोगों को अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होने की अपील आयोजन समिति ने किया। जानकारी के अनुसार जिला स्तरीय अंबेडकर जयंती मनाने के लिए मानस भवन में वृहद कार्यक्रम की रूप रेखा एवं चर्चा के विषय निर्धारित किए हैं।

### कक्षा 6 वीं प्रवेश परीक्षा का रिजल्ट जारी

**मनेन्द्रगढ़।** जिले में शिक्षा सत्र 2026-27 के लिए एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6 वीं प्रवेश के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया गया है। यह परीक्षा 1 मार्च को प्रदेश के 27 जिलों के 150 परीक्षा केन्द्रों में आयोजित की गई थी। इसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लिया था। भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय एवं राष्टीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति (नेस्ट्स), नई दिल्ली के मार्गदर्शन में तथा छग राज्य स्तरीय आदिम जाति कल्याण, आवासीय एवं आश्रम शैक्षणिक संस्थान समिति के संचालन में यह परीक्षा आयोजित की गई थी। राज्य के अंतर्गत संचालित 75 एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में प्रवेश के लिए यह प्रक्रिया पूरी की गई।

### श्रमिकों के लिए न्यूनतम वेतन की नई दरें घोषित

**अनूपपुर।** जिले के विभिन्न नियोजनों में कार्यरत श्रमिकों के लिए न्यूनतम वेतन की नई दरें निर्धारित की गई हैं। श्रम आयुक्त मध्यप्रदेश शासन इंदौर के पत्र और मध्यप्रदेश असाधारण राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना के अनुक्रम में कलेक्टर प्रतिभा पाल द्वारा एक अप्रैल से 30 सितंबर 2026 तक की अवधि के लिए परिवर्तनशील महंगाई भत्ते सहित न्यूनतम वेतन की दरें प्रभावी करने का आदेश जारी किया गया है। यह पुनरीक्षण अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में हुई वृद्धि के आधार पर किया गया है, जिसमें जुलाई से दिसंबर 2025 की छमाही के दौरान औसत सूचकांक 425 रहा, जो पिछली छमाही के औसत 414 से 11 बिंदु अधिक है। नवीन दरों के अनुसार 67 अनुसूचित नियोजनों में कार्यरत अकुशल श्रमिकों का कुल मासिक वेतन 12425 रूपए (प्रतिदिन 478 रूपए) तय किया गया है। इसी प्रकार अर्धकुशल श्रमिकों के लिए 13421 रूपए मासिक (516 रूपए प्रतिदिन), कुशल श्रमिकों के लिए 15144 रूपए मासिक (582 रूपए प्रतिदिन) और उच्च कुशल श्रमिकों के लिए 16769 रूपए मासिक (645 रूपए प्रतिदिन) की दरें निर्धारित की गई हैं।

### 90 करोड़ के लक्ष्य के मुकाबले 79.53 करोड़ का राजस्व

**मनेन्द्रगढ़।** खनिज विभाग ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान राजस्व वसूली में सफलता हासिल की है। संचालक, संचालनालय भौमिक तथा खनिजकर्म, अटल नगर नवा रायपुर द्वारा जिले के लिए 90.00 करोड़ रूपए का राजस्व लक्ष्य निर्धारित किया गया था, जिसके विरूद्ध विभाग ने कलेक्टर के मार्गदर्शन और संचालक के निर्देशन में कार्य करते हुए 79.53 करोड़ रूपए की राजस्व प्राप्ति दर्ज की है। यह कुल लक्ष्य का लगभग 88 प्रतिशत है। खनिज विभाग द्वारा जिले में संचालित प्रमुख खनिज कोयला तथा गौण खनिज गिट्टी (साधारण पत्थर) और रेत के उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर सतत निगरानी रखी गई।

## जर्जर भवन और नशाखोरी का अड्डा बना प्राथमिक विद्यालय

# लापरवाही : स्कूल परिसर में फैला हाई वोल्टेज तार










हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी

कोयलांचल क्षेत्र के सबसे पुराने शैक्षणिक संस्थानों में शामिल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालक शाला चरचा की हालत अब बेहद खराब हो चुकी है। यहां पढ़ने वाले सैकड़ों मासूम बच्चों की सुरक्षा पूरी तरह भगवान भरोसे हैं, लेकिन जिम्मेदार विभाग आंख मूंदे बैठा है।

विद्यालय परिसर के ठीक बगल में चोरों द्वारा कथित रूप से एसईसीएल का चोरी किया गया केबल लाकर छीलकर छोड़ दिया गया है। टूटे-फूटे तार, मलबा और प्लास्टिक कचरे के बीच पड़े ये केबल किसी भी समय बड़े हादसे को न्योता दे रहे हैं, इससे उनकी जान पर हर पल खतरा मंडरा रहा है। विद्यालय की हालत इतनी खराब है कि बारिश के दौरान छत से पानी टपकता है, जिससे कक्षाओं में पढ़ाई ठप हो जाती है। शौचालय भी पूरी तरह जर्जर है, इससे बच्चों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्कूल का मुख्य गेट टूटा होने के कारण परिसर पूरी तरह असुरक्षित हो गया है। स्थानीय लोगों के अनुसार शाम होते ही यहां नशाखोरी और असामाजिक गतिविधियां शुरू हो जाती हैं, जिससे स्कूल का माहौल दूषित हो रहा है। स्थानीय नागरिकों और स्कूल प्रबंधन ने नगर पालिका और जिला शिक्षा अधिकारी को कई बार लिखित शिकायत दी। अधिकारियों को मौके का निरीक्षण भी कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। ⏭ शेष पेज 4 पर

**शिक्षा व्यवस्था पर भी उठ रहे सवाल**

जब स्कूल जैसी मूलभूत संस्था ही सुरक्षित नहीं है, तो शिक्षा व्यवस्था की गुणवत्ता और विश्वसनीयता पर भी सवाल उठना लाजिमी है। अभिभावकों का भरोसा लगातार कमजोर होता जा रहा है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए यह आवश्यक है कि जिला प्रशासन, शिक्षा विभाग और संबंधित एजेंसियां संयुक्त रूप से तत्काल कदम उठाएं। परिसर से खतरनाक केबल और कचरा हटाया जाए, भवन की मरम्मत और सुरक्षा जांच कराई जाए।



# पाइप लाइन क्षतिग्रस्त व्यर्थ में बह रहा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

गर्मी के बढ़ने के साथ ही शहर के कई क्षेत्रों में पेयजल किल्लत का सामना लोगों को हो रहा है, वहीं दूसरी ओर शहर के एक एक क्षेत्र में करीब एक माह से पाईप लाइन के क्षतिग्रस्त होने से पेयजल बहते हुए नाली में बहकर बर्बाद हो रहा है। इतने दिनों में नपा के नजर में भी शायद यह समस्या नहीं दिखाई दी, जिसके चलते सुधार के लिए अब तक पहल नहीं की गई।

मिली जानकारी के अनुसार शहर के खुटहनपारा में पीएचई विभाग के कार्यपालन अभियंता के बंगला के ठीक सामने से गुजरी पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो गया है, इससे प्रतिदिन दोनों समय हजारों लीटर पेयजल बर्बाद होकर नाली में जाकर मिल रहा है।

यह एक गंभीर लापरवाही की बात है कि एक माह से शहर के खुटहनपारा मुख्य मार्ग किनारे की पाईप लाइन क्षतिग्रस्त हो गई है और प्रतिदिन हजारों लीटर पेयजल बर्बाद हो रहा। इस जगह पर क्षतिग्रस्त पाइप को जल्द सुधार कर पेयजल को बर्बाद होने से बचाने की जरूरत है।

# महतारी वंदन योजना: केवाईसी शिविर में महिलाओं की भीड़

**चरचा कॉलरी।** शासन की महत्वाकांक्षी महतारी वंदन योजना के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 5 सुभाष नगर स्थित पंडोपारा आंगनबाड़ी केन्द्र में आयोजित केवाईसी शिविर में महिलाओं और हितग्राहियों की भारी भीड़ उमड़ी। दिनभर चले इस शिविर में उत्साहजनक भागीदारी देखने को मिली।

दोपहर 2:30 बजे से प्रारंभ हुए शिविर में केवाईसी कार्य में लगे ऑपरेटर प्रवीण तिवारी एवं विजय कुमार दास ने जानकारी दी कि 100 से अधिक हितग्राहियों का निःशुल्क केवाईसी सफलतापूर्वक पूर्ण कराया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य पात्र महिलाओं को योजना का लाभ दिलाना और प्रक्रिया को सरल बनाना रहा। इस दौरान वार्ड पार्षद श्रीमती रामकली पाल एवं पूर्व पार्षद श्रीमती सुमित्रा ठाकुर ने मौके पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और हितग्राहियों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि जनहित में ऐसे शिविर आगे भी निरंतर आयोजित किए जाएंगे, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति योजना के लाभ से वंचित न रहे। विशेष बात यह है कि चरचा के सभी वार्डों के आंगनबाड़ी केन्द्रों में भी इसी प्रकार केवाईसी कैंप लगाए जा रहे हैं, जिससे अधिक से अधिक लोगों तक योजना का लाभ पहुंचाया जा सके। शिविर के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहयोगी स्टाफ की भूमिका सराहनीय रही। उन्होंने दस्तावेजों की जांच, ऑनलाइन प्रक्रिया और आवश्यक मार्गदर्शन देकर केवाईसी को आसान बनाया।



दूर-दराज से आई महिलाओं को भी किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा। हितग्राहियों ने बताया कि ऐसे शिविरों से उन्हें बार-बार कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ते, इससे समय और रूपए दोनों की बचत होती है। मौके पर ही समस्याओं का समाधान होने से लोगों में संतोष भी देखने को मिला। नगर पालिका अधिकारी वीके ओझा ने बताया कि महतारी वंदन योजना के तहत अधिक से अधिक हितग्राहियों का केवाईसी सुनिश्चित करने के लिए नगर के सभी वार्डों में चरणबद्ध तरीके से शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे अपने नजदीकी आंगनबाड़ी केन्द्र में पहुंचकर समय पर केवाईसी कराएं, ताकि योजना का लाभ बिना किसी बाधा के प्राप्त हो सके। नगर पालिका अधिकारी श्री ओझा ने बताया कि जिन हितग्राहियों का केवाईसी अभी शेष है, उनके लिए भी विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि कोई भी पात्र महिला योजना के लाभ से वंचित न रहे, इसके लिए वार्ड स्तर पर टीमों का गठन किया गया है, जो घर-घर जाकर भी लोगों को जागरूक कर रही हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि केवाईसी की प्रक्रिया पूरी तरह निःशुल्क है, इसलिए किसी भी प्रकार के शुल्क या बिचौलियों से सावधान रहें। यदि कहीं किसी प्रकार की शिकायत मिलती है तो उस पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### पंचायत चुनाव 2026 की तैयारी तेजः 5 मई को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन

**मनेन्द्रगढ़।** छग में पंचायत आम निर्वाचन को लेकर तैयारियां अब तेज हो गई हैं। राज्य निर्वाचन आयोग ने चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी और समयबद्ध ढंग से संपन्न कराने के लिए विस्तृत समय-अनुसूची जारी कर दी है। आयोग ने छग पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 42 एवं पंचायत निर्वाचन नियम 1995 के नियम 18 के तहत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए यह कार्यक्रम निर्धारित किया है। जारी निर्देशों के अनुसार प्रदेश के सभी विकासखंडों में 1 अप्रैल की स्थिति में फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार की जाएगी। इसके लिए संबंधित जिलों, पंजीकरण अधिकारियों तथा विभागीय अमले को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि वे निर्धारित समय-सीमा के भीतर सभी कार्यों को पूर्ण करें, ताकि निर्वाचन प्रक्रिया में किसी प्रकार की बाधा न आए। निर्वाचन प्रक्रिया के द्वितीय चरण में दावा-आपत्ति और अंतिम प्रकाशन की कार्रवाई 13 अप्रैल से प्रारंभ होकर 5 मई तक चलेगी। 13 अप्रैल को निर्वाचक नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन किया जाएगा, जिसके साथ ही दावे और आपत्तियां प्राप्त करने की प्रक्रिया शुरू होगी।

# अवैध भंडारण व कालाबाजारी पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर




कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक में कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने विभिन्न योजनाओं एवं लंबित कार्यों की प्रगति की विभागवार समीक्षा की तथा अधिकारियों से वन-टू-वन चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने कृषि विभाग के उप संचालक राजेश भारती से जिले में खाद एवं उर्वरक की उपलब्धता की जानकारी ली।

अवैध भंडारण एवं बिक्री के संबंध में संतोषजनक जानकारी नहीं मिलने पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त की तथा स्पष्ट निर्देश दिए कि कृषि अधिकारी एवं मैदानी अमला नियमित निरीक्षण करें और कालाबाजारी में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने किसानों को समय पर खाद-उर्वरक उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया। धान उठाव की समीक्षा के दौरान डीएमओ श्रीमती प्रीति भारद्वाज को धीमी प्रगति पर फटकार लगाते हुए कलेक्टर ने कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए, ताकि समयबद्ध रूप से धान का उठाव सुनिश्चित हो सके। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कार्यपालन यंत्री मनोज ठाकुर से पेयजल व्यवस्था एवं जल जीवन मिशन की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि विशेषकर दूरस्थ क्षेत्रों में पेयजल की समस्या उत्पन्न न हो, इसके लिए सतर्कता बरती जाए तथा किसी भी समस्या का तत्काल निराकरण किया जाए। हैंडपंप मरम्मत कार्यों में प्राथमिकता देने एवं हर घर नल-जल योजना के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश भी दिए गए। कलेक्टर ने निर्देशित अधिकारियों को स्कूल, आश्रम शालाओं, स्वास्थ्य केन्द्रों एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों का नियमित निरीक्षण करने को कहा तथा वास्तविक स्थिति से समय-समय पर अवगत कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्होंने जवाबदेही सुनिश्चित करने पर बल दिया। महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी आंगनबाड़ी केन्द्र नियमित रूप से संचालित हों, कार्यकर्ता एवं सहायिका की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए तथा बच्चों को गुणवत्तापूर्ण एवं पर्याप्त पोषण आहार उपलब्ध कराया जाए। परियोजना अधिकारी एवं फील्ड अधिकारियों को सतत निगरानी रखने के निर्देश भी दिए गए। लंबित प्रकरणों के निराकरण में देरी पर कलेक्टर ने कड़ी आपत्ति जताई और निर्देश दिए कि सीएम जनदर्शन, कलेक्टर जनदर्शन एवं पीएम पोर्टल से प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित किया जाए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, अपर कलेक्टर सुरेन्द्र प्रसाद वैद्य, संयुक्त कलेक्टर अमित गुप्ता सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

■ पेयजल समस्या के त्वरित निराकरण पर जोर

# ई-श्रम, पीएमआईएस के लिए लगेंगे विशेष शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़


जिले में श्रमिकों को शासन की योजनाओं का लाभ सीधे गांव स्तर पर उपलब्ध कराने के लिए श्रम विभाग द्वारा विशेष मोबाइल शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

इस संबंध में श्रम पदाधिकारी कार्यालय द्वारा विस्तृत आदेश जारी कर अप्रैल 2026 के दौरान विभिन्न ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित करने के लिए अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी तय कर दी गई है। जारी आदेश के अनुसार इन शिविरों में श्रमिकों का पंजीयन, नवीनीकरण, संशोधन के साथ-साथ ई-श्रम, श्रम योगी मानधन पेंशन योजना एवं प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ दिलाया जाएगा। यह शिविर ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित किए जाएंगे, जिससे अधिक से अधिक श्रमिकों तक योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित हो सके। कार्यक्रम के तहत 28 अप्रैल तक मनेन्द्रगढ़, खड़गवां और भरतपुर विकासखंड के विभिन्न ग्राम पंचायतों में शिविर लगाए जाएंगे। मनेन्द्रगढ़ विकासखंड में बंजी, सेमरा और बौरिडांड, खड़गवां में महात्मा गांधी वार्ड, हल्दीबाड़ी सहित अन्य स्थानों तथा भरतपुर विकासखंड में जनुवा, पुंजी, सिंगरौली और कुंवारी में शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में श्रम कल्याण निरीक्षक, डाटा एंट्री ऑपरेटर सहित संबंधित अधिकारियों की ड्यूटी निर्धारित की गई है, जो शिविर स्थल पर उपस्थित रहकर श्रमिकों के आवेदन प्राप्त करेंगे और उनका त्वरित निराकरण सुनिश्चित करेंगे। श्रम विभाग ने निर्देश दिया है कि सभी अधिकारी एवं कर्मचारी निर्धारित समय प्रातः 10 बजे शिविर स्थल पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें।

■ तय की गई अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी, पंचायत स्तर होगा शिविरों का आयोजन

## अवैध रेत उत्खनन पर बड़ा प्रहार

# खनिज विभाग की ताबड़तोड़ कार्रवाई मशीन सहित 4 ट्रैक्टर जब्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

कलेक्टर के निर्देश पर खनिज विभाग ने रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन के खिलाफ एक्शन मोड में बड़ी कार्रवाई करते हुए दोषियों पर कड़ा शिकंजा कसा है। जिले में लगातार मिल रही शिकायतों के आधार पर 10 अप्रैल की रात खनिज विभाग की टीम ने योजनाबद्ध तरीके से छापामार कार्रवाई को अंजाम दिया।

रात्रि लगभग 1 बजे ग्राम पंचायत हरचौका, तहसील भरतपुर स्थित मवई नदी में स्वीकृत रेत खदान का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि पर्यावरणीय नियमों के विपरीत खनन कार्य किया जा रहा है। मौके पर कार्रवाई करते हुए खनिज विभाग ने एक चौन माउंटेन मशीन और रेत से भरी एक हाईवा वाहन को तत्काल जब्त कर लिया। कार्रवाई को आगे बढ़ाते हुए सिरौली और चिउंटिमार क्षेत्रों में भी अवैध रेत परिवहन पर सख्ती दिखाई गई। यहां रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन में संलिप्त 4 ट्रैक्टर वाहनों को पकड़ा गया। सभी वाहनों के मालिकों के खिलाफ खनन एवं खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 (1), 21 (5) एवं 23 (क) के तहत वैधानिक कार्रवाई की गई। जब्त किए गए चारों ट्रैक्टरों को कलेक्टरेट परिसर में सुरक्षित खड़ा कराया गया है। इस पूरी कार्रवाई में खनिज अधिकारी दयानंद तिग्गा, खनिज सिपाही राजकुमार यादव सहित विभागीय अमले की सक्रिय भूमिका रही। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध उत्खनन और परिवहन के खिलाफ इस प्रकार की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी और दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

## यातायात व्यवस्था सुधारने कोरिया पुलिस ने उठाया कदम

# प्रतीक्षा बस स्टैण्ड से अघोषित टैक्सी स्टैंड हटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

शहर में वाहनों के बढ़ते दबाव के चलते यातायात व्यवस्था सुधारने को लेकर कोरिया पुलिस अब सख्त रूख अपनाना शुरू कर दिया है। बीते दिनों शहर के प्रतीक्षा बस स्टैंड के बाहर मुख्य मार्ग किनारे अघोषित रूप से अवैध टैक्सी स्टेड को हटा दिया। अब यहां पर खड़ी होने वाली समस्त टैक्सियों के लिए इंदिरा पार्क के पास सड़क किनारे का हिस्सा खड़ी करने के लिए निर्देशित किया गया। इस तरह प्रतीक्षा बस स्टैंड के पास कई सालों से निजी गाड़ियां अवैध रूप से खड़ी की जाती थी, उनके हटाए जाने के बाद उक्त स्थल सुरक्षित ⏭ शेष पेज 4 पर






**इंदिरा पार्क के पास खड़ी करने के निर्देश**

प्रतीक्षा बस स्टैंड से अवैध से संचालित टैक्सी स्टेंड को कोरिया पुलिस ने यातायात व्यवस्था बनाने की दृष्टि से बीते दिनों हटा दिया गया, अब निजी टेक्सी चालकों को शहर के गेज नदी तट पर इंदिरा पार्क के पास सड़क किनारे निजी टेक्सी चालकों को अपनी वाहन खड़ी करने के लिए जगह दिया गया है। निर्देश के बाद सभी निजी टेक्सी अब इंदिरा पार्क के पास सड़क किनारे पार्क की जा रही है।

**नो पार्किंग का लगाया बोर्ड**

पुलिस ने प्रतीक्षा बस स्टैंड के बाहरी हिस्से से निजी टेक्सी वालों को हटा कर उस स्थल पर नो पार्किंग जोन का बोर्ड स्थाई रूप से लगा दिया गया है। निर्देश का उल्लंघन करने पर कार्रवाई की जाएगी। पुलिस के निर्देश के बाद अब नए आवंटित जगह पर निजी वाहन खड़ी होने लगी है, इससे प्रतीक्षा बस स्टैंड का बाहरी हिस्सा आवागमन के लिए सुरक्षित हो गया है।

**टेक्सी के बाद अब ऑटो की बारी**

कोरिया पुलिस ने शहर में यातायात व्यवस्था को दुरूस्त करने की दिशा में सक्रियता से कार्य कर रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस द्वारा हाल में प्रतीक्षा बस स्टैंड के पास से निजी वाहनों को हटाने के बाद ऑटो चालकों की बैठक ली थी। बताया जा रहा है कि शहर में चलने वाले आटो के लिए भी घोषित पार्किंग स्थल बनाया जाएगा, जिससे कि शहर में जहां-तहां ऑटो पार्किंग करने की सख्त मनाही होगी।

## खबर संक्षेप

### महाविद्यालय के समीप ठेला गुमटी हटाने की मांग एनएसयूआई ने संभागायुक्त को सौंपा ज्ञापन

**प्रतापपुर।** एनएसयूआई के पदाधिकारी व सदस्यों ने कालिदास महाविद्यालय के समीप लगाए गए ठेला व गुमटी को हटाने की मांग को लेकर संभाग आयुक्त को ज्ञापन सौंपा। संभाग आयुक्त को सौंपे ज्ञापन में एनएसयूआई के पदाधिकारियों ने बताया है कि प्रतापपुर स्थित कालिदास महाविद्यालय मुख्य मार्ग परिवर्तन, महाविद्यालय प्रवेश द्वार के सामने जहां अलट बिहारी वाजपेयी चौक व पुष्प वाटिका के समीप अवैध रूप से ठेला गुमटी लगा है जहां तंबाकू उत्पादों की बिक्री, विद्यार्थियों के स्वास्थ्य एवं भविष्य पर गंभीर प्रतिकूल प्रभाव डाल रही है। इस समस्या को लेकर पूर्व में भी छात्र संगठनों द्वारा एसडीएम को ज्ञापन सौंपा था लेकिन आज तक किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की गई। एनएसयूआई ने महाविद्यालय के समीप लगाए गए ठेला गुमटी को हटाने की मांग की है।

### पीएम आवास योजना में 99 हितग्राहियों को मकानों का आवंटन

**अम्बिकापुर।** नगर पालिक निगम में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत सुभाषनगर स्थित प्रधानमंत्री आवास योजना के घटक मोर मकान - मोर आस परियोजना में 99 हितग्राहियों को लॉटरी पद्धति के माध्यम से मकानों का आबंटन किया गया। आयुक्त डीएन कश्यप के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में यह आवंटन प्रक्रिया माता राजमोहिनी भवन पर पारदर्शी ढंग से संपन्न कराई गई। प्राप्त जानकारी अनुसार प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी अंतर्गत कुल 493 आवास की स्वीकृति शासन से मिली थी। जिसमें प्रथम प्राथमिकता में शासकीय भूमि पर काबिज 67 हितग्राहियों को 7 जनवरी 2026 को आबंटन किया गया था, जबकि 426 आवास शेष रह गए थे। इस हेतु नगर निगम द्वारा आवेदन मंगाए गए, जिसमें कुल 1280 आवेदन प्राप्त हुए। शासन के दिशा-निर्देश एवं दावा आपत्ति निराकरण उपरांत कुल 295 हितग्राही पात्र पाए गए। पात्र हितग्राहियों में से प्रथम चरण में 145 एवं द्वितीय चरण में शुक्रवार को कुल 99 हितग्राही जिन्होंने न्यूनतम टोकन राशि 25 हजार जमा किया था उनका आबंटन कर दिया गया है। कार्यक्रम में सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी, डिप्टी कलेक्टर रामराज सिंह, स्थानीय जनप्रतिनिधि, नोडल अधिकारी, सहायक अभियंता, उप अभियंता, राजस्व प्रभारी, कार्यालय अधीक्षक, निगम के कर्मचारी, अधिकारी सहित हितग्राही उपस्थित रहें।

### उन्नत कृषि के प्रदर्शनी में शामिल हुए पूर्व मंत्री व विधायक



**अंबिकापुर।** सरगुजा जिले में कृषि क्षेत्र में नवाचार को प्रस्तुत करने वाली करजी फार्म के सरगांवा में आयोजित संकल्प 2026 के दूसरे दिन शनिवार को छत्तीसगढ़ और देश के अन्य राज्य किसानों ने अपनी सहभागिता की। इस आयोजन में लगभग 5870 किसानों ने पंजीयन उपरांत कृषि उद्यानिकी में नवाचार को समझा। इनमें उत्तरप्रदेश से 50, बिहार से 35, पश्चिम बंगाल से 27, झारखंड से 120 किसानों ने सहभागिता के लिए अपना पंजीयन कराया। मुख्य आकर्षक बैकुंठपुर, जशपुर, बलरामपुर, सूरजपुर के प्रगतिशील किसानों के साथ महिला कृषक भी सहभागिता करने आयी। उन्नत कृषि को लेकर आयोजित प्रदर्शनी में लुंड्रा विधायक प्रबोध मिंज, पूर्व मंत्री अमरजीत भगत के साथ ही छत्तीसगढ़ उद्यनिकी विभाग रायपुर में संयुक्त संचालक नीरज शाह, उपसंचालक मनोज अंबस्ट, जयपाल सिंह मराबी उपसंचालक कृषि अम्बिकापुर ने भी अपनी सहभागिता की। इस दौरान अतिथियों ने उन्नत कृषि को लेकर किए गए प्रयासों की सराहना की। इस प्रदर्शनी का समापन 12 अप्रैल को किया जाएगा। इस दौरान वीएनआर के मैनेजिंग डायरेक्टर और भारत मे ग्राफ्टिंग खेती की शुरुआत करने वाले प्रसिद्द किसान विमल चावड़ा भी किसानों के बीच अपना उदबोधन देंगे।

### ऑल इंडिया फिडे रेटेड शतरंज प्रतियोगिता रोमांचक दौर में



**अम्बिकापुर।** ऑल इंडिया फिडे रेटिंग शतरंज प्रतियोगिता 5 वें चक्र के बाद रोमांचक दौर में पहुंच गई है । 5 वें चक्र की समाप्ति पश्चात महिंद्राकर इंद्रजीत (महाराष्ट्र), कामद मिश्रा (मध्य प्रदेश), इंटरनेशनल मास्टर राहुल संगमा(रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड), डब्लू सी एम राजन्य दत्ता (वेस्ट बंगाल), किशन कुमार (बिहार), कैंडिडेट मास्टर विनोद कुमार शर्मा (छत्तीसगढ़), यशद बमबेश्वर (छत्तीसगढ़) 5-5 अंकों के साथ संयुक्त रूप से बढ़त बनाये हुए हैं। प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों से 302 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं, जिनमें 244 पुरुष एवं 57 महिला खिलाड़ी शामिल हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रमुख खिलाड़ियों ने अपनी उपस्थिति से इसे रोमांचक बना दिया है। प्रतियोगिता में दो लाख प्रतियोगिता में निर्धारित मानकों को पूरा करने वाले उत्कृष्ट खिलाड़ियों विश्व शतरंज महासंघ द्वारा अंतर्राष्ट्रीय रेटिंग प्रदान की जाएगी। इस प्रतियोगिता के मुख्य निर्णायको में अंतर्राष्ट्रीय निर्णायक अनीश अंसारी, शुभम बसोने, हर्ष शर्मा, रॉकी देवांगन फिडे निर्णायक दामोदर प्रसाद, अनिल शर्मा, सीनियर राष्ट्रीय निर्णायक प्रदीप कुमार मण्डल, सुरेश होता, विनोद कुमार, विक्रम सिंह और अंजुम शामिल हैं। प्रतियोगिता का अंतिम चक्र कल दोपहर दो बजे से खेला जाएगा इसके पश्चात् प्रतियोगिता का समापन होगा।

## जल्द शुरू होगा निर्माण

# कन्हर एनीकट के सौंदर्यीकरण एवं जीर्णोद्धार हेतु 3.5 करोड़ स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

**खास बात**
- लम्बे समय से सौंदर्यीकरण की हो रही थी मांग

नगर के मां महामाया मंदिर के समीप कन्हर नदी पर बना एनीकट लंबे समय से तकनीकी खामियों और गुणवत्ताहीन निर्माण के कारण सुर्खियों में रहा है। नागरिकों एवं नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल द्वारा लगातार इसकी मरम्मत, गेटों की संख्या बढ़ाने और घाट निर्माण की मांग उठाई जाती रही है।

जनभावनाओं को ध्यान में रखते हुए क्षेत्रीय विधायक एवं कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने एनीकट के सौंदर्यीकरण और जीर्णोद्धार के लिए लगभग 3.5 करोड़ रुपए की स्वीकृति दिलाई है। इस कार्य के लिए वर्तमान में टेंडर प्रक्रिया जारी है, जिसके पूर्ण होते ही निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। जल संसाधन विभाग के अधिकारियों के अनुसार निर्माण कार्य को निर्धारित समय सीमा में एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा किया जाएगा। योजना के तहत एनीकट के गेटों की संख्या बढ़ाने, संरचना को मजबूत करने और आसपास घाट निर्माण जैसे कार्य किए जाएंगे जिससे एनीकट की उपयोगिता और सुंदरता दोनों में वृद्धि होगी। नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल ने इस स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय तथा क्षेत्रीय विधायक एवं कृषि मंत्री रामविचार नेताम का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि इस कार्य के पूर्ण होने से नगरवासियों को बड़ी सुविधा मिलेगी और क्षेत्र का समग्र विकास भी होगा। जल संसाधन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि झारखंड की ओर एवं छत्तीसगढ़ की ओर गेटों की संख्या बढ़ेगी वहीं एनीकट से महामाया मंदिर तक आकर्षक छठ घाट का निर्माण किया जाएगा।



एनीकट में होना है सौंदर्यीकरण।

**एनीकट की बढ़ेगी जल भराव क्षमता**

एनीकट के गेटों की संख्या वृद्धि होने से निश्चित रूप से रेत और अधिक तेजी से निकल सकेगा जिससे स्टोरेज बढ़ेगा एवं नगर के जल स्तर में सुधार होगा वर्तमान में एनीकट में जल भराव क्षमता का मात्र 30 से 40 प्रतिशत पानी ही शेष रह गया है।

**साबित होगा उपयोगी**

जब से एनीकट का निर्माण हुआ है तब से लेकर आज तकएनीकट उपयोगी साबित नहीं हो सका है।वर्षों तक भीषण जल संकट का सामना करने के बाद जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने जल क्षमता बढ़ाने की दृष्टि से आवश्यक तकनीकी सुधार करने की योजना बनाई है तथा योजना के अनुसार नियोजित तरीके से कार्य कराने की तैयारी है ।ऐसा हुआ तो निश्चित रूप से यह उपयोगी साबित होगा।

**सर्वे करने पहुंचे जल संसाधन विभाग के अधिकारी**

एक ओर टेंडर की प्रक्रिया चल रही है दूसरी ओर विभाग के अधिकारी लगातार एनीकट के जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण को बेहतर स्वरूप देने के लिए लगातार सर्वे कर रहे हैं। ड्रोन से भी सर्वे करने की योजना है। निकट भविष्य में विभाग ड्रोन सर्वे करा सकता है।



# रामानुजगंज में 22 हाथियों के झुंड ने जमाया डेरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

- ग्रामीणों को किया गया सतर्क

रामानुजगंज फॉरेस्ट रेंज में इन दिनों 22 हाथियों का बड़ा दल सक्रिय है, जिससे आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में दहशत का माहौल बना हुआ है। वन विभाग लगातार निगरानी में जुटा है और लोगों को सतर्क रहने की सख्त हिदायत दी गई है।

फॉरेस्ट रेंज अंतर्गत पिछले कई दिनों से 22 हाथियों का दल विचरण कर रहा है। इस झुंड में 10 मादा, 7 नर और 5 शावक शामिल हैं, जो जंगल क्षेत्र में लगातार विचरण कर रहे हैं। वन विभाग के विजयनगर सर्कल प्रभारी दयाशंकर सिंह के अनुसार हाथियों का यह दल उत्तरी विजयनगर के कंपार्टमेंट पी-3487 के जंगलों में सक्रिय है। विभाग की टीम द्वारा लगातार हाथियों की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है, ताकि किसी प्रकार की जनहानि की घटना को रोका जा सके। वन विभाग ने आसपास के गांवों के लोगों को विशेष सतर्कता बरतने कहा है। ग्रामीणों को जंगल की ओर न जाने की सलाह दी जा रही है। साथ ही गांव-गांव में मुनादी कराकर लोगों को हाथियों की मौजूदगी की जानकारी दी जा रही है। इस समय महुआ सीजन होने के कारण ग्रामीण बड़ी संख्या में जंगलों की ओर रुख करते हैं, जिससे हादसों की आशंका बढ़ जाती है। बीते एक सप्ताह पहले ही रामानुजगंज फॉरेस्ट रेंज के चीनिया क्षेत्र में महुआ बीनने गई एक युवती पर हाथियों के इसी दल ने हमला कर दिया था, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी। उल्लेखनीय है कि लगातार बढ़ती हाथियों की गतिविधि को देखते हुए प्रशासन और वन विभाग पूरी तरह अलर्ट मोड पर है, लेकिन जनसहभागिता और सतर्कता ही ऐसे हादसों को रोकने का सबसे प्रभावी उपाय है।

# शिक्षकों का संलग्नीकरण करें समाप्त, रिक्त पदों पर हो व्याख्याता की भर्ती : अजीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



- कलेक्टर ने ली शिक्षा विभाग की बैठक, कहा शिकायत मिलने पर हो निजी स्कूलों के खिलाफ कार्रवाई

कलेक्टर अजीत वसंत की अध्यक्षता में शनिवार को शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिपं सीईओ विनय कुमार अग्रवाल, डीईओ डॉ दिनेश कुमार झा की मौजूदगी में आयोजित बैठक के दौरान कलेक्टर श्री वसंत ने अशासकीय विद्यालयों से प्राप्त शिकायतों पर गंभीरता से चर्चा करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी को आवश्यकतानुसार सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

शिक्षकों के संलग्नीकरण को समाप्त कर मूल पदस्थापना सुनिश्चित करने तथा एकल शिक्षक अथवा शिक्षक विहीन विद्यालयों की स्थिति न बनने देने के निर्देश भी दिए गए। कलेक्टर श्री वसंत ने हाई एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों में विषय विशेषज्ञों की कमी को दूर करने हेतु अतिथि व्याख्याताओं के रिक्त पदों की सूची एक सप्ताह के भीतर प्रस्तुत करने एवं सत्र प्रारंभ होने से पहले अतिथि व्याख्याताओ की नियुक्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि पढ़ाई प्रभावित न हो। साथ ही, अधूरे निर्माण कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। बैठक में नीट-जेईईकोचिंग के संबंध में भी विस्तार से चर्चा की गई। 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की सूची तैयार कर मेरिट के आधार पर चयनित छात्रों को कोचिंग हेतु भेजने तथा प्रत्येक विकासखंड में कोचिंग सेंटर स्थापित करने के निर्देश दिए गए।

लंबे समय से अनुपस्थित शिक्षकों एवं कर्मचारियों पर कार्रवाई करते हुए आवश्यकतानुसार बर्खास्तगी की प्रक्रिया अपनाने के निर्देश दिए गए। विद्यालयों में न्यूज डेस्क की स्थापना कर विद्यार्थियों में पठन-पाठन, सामान्य ज्ञान एवं विश्लेषणात्मक क्षमता के विकास पर बल दिया गया। बैठक में एलपीजी के उपयोग को बढ़ावा देने, बोर्ड परीक्षा मूल्यांकन कार्य समय-सीमा में पूर्ण करने तथा अनुकंपा नियुक्ति एवं पेंशन प्रकरणों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। साथ ही शिक्षकों का 16 जून तक शत-प्रतिशत पंजीयन कराने पर जोर दिया गया। इसके अतिरिक्त स्कूलों में पेयजल व्यवस्था के अंतर्गत चयनित विद्यालयों में बोरवेल स्थापना, अपार आईडी एवं जाति प्रमाण पत्र निर्माण की प्रक्रिया को प्रगति लाने के निर्देश दिए तथा कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों एवं पीएमश्री विद्यालयों से संबंधित कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की गई।

कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को सौंपे गए दायित्वों का शत-प्रतिशत क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला मिशन समन्वयक, समस्त विकासखंड शिक्षा अधिकारी, सहायक अधिकारी एवं विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# गांव चलो, बस्ती चलो अभियान के तहत 4 बूथों पर किया गया जनसंपर्क

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैयाथान

- योजनाओं का लिया फीडबैक

भारतीय जनता पार्टी के मंडल भैयाथान में गांव चलो, बस्ती चलो अभियान के तहत दूसरे दिन चार बूथों पर बूथ सशक्तिकरण को लेकर कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अभियान के अंतर्गत बसकर, कुरीडीह, खैरी एवं रजनी के पारा-मोहल्लों में विशेष रूप से जनसंपर्क किया गया।

इस अवसर पर केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई तथा लाभार्थियों से संवाद कर प्रधानमंत्री आवास योजना, महतारी वंदन योजना, किसान सम्मान निधि, राशन योजना सहित अन्य योजनाओं के प्रभाव का फीडबैक लिया गया। रविवार को बूथ के प्रभारी प्रकाश दुबे, राजीव प्रताप सिंह, सुनील साहू, सत्यवती दुबे, नेहा तिवारी ने संबंधित बूथों पर पहुंचकर ग्रामीणों से मुलाकात की और योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों से जानकारी प्राप्त की। साथ ही अन्य योजनाओं के बारे में विस्तार से बताते हुए अधिक से अधिक लोगों को लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान राम औतार देवांगन, हीरालाल सिंह, पुरन सिंह, इमरान अहमद, रमेश यादव, राजेश सिंह,अवध राम सहित बूथ अध्यक्ष, भाजपा कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।



अभियान में शामिल भाजपा कार्यकर्ता।

**सात बूथों को सशक्त बनाने का प्रयास**

मंडल अध्यक्ष सुनील साहू ने बताया कि पिछले विधानसभा चुनाव में मंडल के 65 बूथों में से सात बूथ रगदा, सोनपुर, भंवराही, बसकर, कुरीडीह, खैरी एवं रजनी में पार्टी को हार का सामना करना पड़ा था। इन्हीं बूथों को ध्यान में रखते हुए प्रदेश एवं जिला संगठन के निर्देशानुसार 7 से 12 अप्रैल तक गांव चलो, बस्ती चलो अभियान को विशेष रूप से सक्रिय किया गया।

# ज्योतिबा फुले की 200वीं जयंती पर कांग्रेस का बड़ा कार्यक्रम



**अम्बिकापुर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के ओबीसी विभाग द्वारा सामाजिक क्रांति के अग्रदूत महात्मा ज्योतिबा फुले की 200वीं जयंती को वैज्ञानिक जाति जनगणना दिवस के रूप में भव्य एवं ऐतिहासिक रूप से मनाया गया। इस अवसर पर एक विशाल एवं सफल कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें देशभर से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ओबीसी विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अनिल जयहिंद, छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, राष्ट्रीय महासचिव एवं उत्तर प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे, राष्ट्रीय सचिव जितेंद्र बघेल, शाहनवाज़ आलम, सुशील पासी सहित अन्य उपस्थित थे। सभी वक्ताओं ने अपने संबोधन में महात्मा फुले के विचारों को स्मरण करते हुए सामाजिक न्याय, शिक्षा के प्रसार एवं वंचित वर्गों के अधिकारों की मजबूती पर जोर दिया। साथ ही वैज्ञानिक जाति जनगणना को देश में समान अवसर, पारदर्शिता एवं न्यायपूर्ण नीतियों के निर्माण हेतु अत्यंत आवश्यक बताया। इस भव्य आयोजन की एक विशेष उपलब्धि यह रही कि मंच संचालन की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सरगुजा अंचल से आए वरिष्ठ कांग्रेस नेता लक्ष्मी गुप्ता को सौंपी गई। श्री गुप्ता ने अपने उत्कृष्ट संचालन कौशल एवं संतुलित संयोजन से पूरे कार्यक्रम को ऊर्जावान और सुव्यवस्थित बनाए रखा। उनके मंच संचालन की शैली की कई वरिष्ठ नेताओं द्वारा सराहना की।

# ग्राम गंगापुर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बूथ सशक्तिकरण बैठक आयोजित



**बिश्रामपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी की पहल पर गांव चलो अभियान के तहत ब्लॉक कांग्रेस कमेटी लटोरी में संगठन सशक्तिकरण एवं बूथ गठन एवं पंचायत अध्यक्ष को लेकर एक बैठक गत दिनों ग्राम गंगापुर में पूर्व विधायक पारसनाथ राजवाड़े की उपस्थिति में संपन्न हुई। अन्य अतिथियों में अयोध्या जायसवाल, आलम सिंह, केशव, गुलाब, विकास जायसवाल, बुधराम राजवाड़े, बिंदु राजवाड़े, अमित ठाकुर, दुष्यंत तिवारी, चंद्रदेव राजवाड़े मौजूद रहे। बैठक में बूथ अध्यक्ष एवं पंचायत अध्यक्ष के साथ ही कार्यकारिणी को मजबूत संगठन के रूप में स्थापित करने के लिए कांग्रेस कार्यकर्ताओं की नियुक्ति सुनिश्चित की गई,साथ ही कांग्रेस पार्टी की जमीनी पकड़ को और सुदृढ़ बनाने के अलावा प्रत्येक कार्यकर्ता से अपील की गई कि वे स्थानीय स्तर पर जनसमस्याओं को गंभीरता से लें और उन्हें संगठित एवं सशक्त रूप से प्रशासन के समक्ष रखें। सभी कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर संगठन को सशक्त करते हुए नई उपलब्धियों व ऊंचाइयों तक पहुंचाने का संकल्प लिया।




# एक्सप्रेस ट्रेनों में अटैच किये गए नये आधुनिक कोचों को क्षति पहुंचा रहे असामाजिक तत्व

- कई खिड़कियों में लगे ग्रिल को तोड़ा गया, वाश बेसिन में लगे नल भी तोड़कर निकाले

**बिश्रामपुर।** अंबिकापुर-दुर्ग एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 18242 व 18241 इन दिनों चोरों और असामाजिक तत्वों के निशाने पर है, यात्रियों की सुविधा के लिए हाल ही में आधुनिक एलएचबी कोच से अपग्रेड की गई इस ट्रेन के कोचों को बदमाश लगातार नुकसान पहुंचा रहे हैं।

ट्रेन के कई डिब्बों की खिड़कियों में लगे ग्रिल को तोड़कर या टेढ़ा कर क्षतिग्रस्त कर दिया गया है,इसके अलावा बायो टॉयलेट और वाश बेसिन में लगे नल भी खोलकर चोरी किए जा रहे हैं। हाल ही में एक घटना में नल चोरी होने के कारण पूरे सफर के दौरान कोच में पानी बहता रहा, जिससे यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा। मामले की जानकारी एक जागरूक यात्री ने सोशल मीडिया के माध्यम से रेल मंत्रालय को दी, जिसके बाद नल को बदला गया।बताया गया कि उक्त एक्सप्रेस ट्रेन दुर्ग से रात में चलकर सुबह अंबिकापुर पहुंचती है और फिर प्रातः अंबिकापुर शहडोल होते हुए पुनः अंबिकापुर लौटती है। दोपहर के समय शहडोल स्टेशन यार्ड में खड़ी रहने के दौरान ही असामाजिक तत्व कोचों को निशाना बना रहे हैं। रेलवे के सी एंड डब्ल्यू विभाग के अनुसार, कोचों से नल चोरी होने की शिकायतें अब आम हो गई हैं। एक तरफ जहां रेल प्रबंधन यात्रियों को बेहतर सुविधाएं देने का प्रयास कर रहा है, वहीं दूसरी ओर असामाजिक तत्व इन प्रयासों के उलट काम कर रेल संपत्ति को नुकसान पहुँचा रहे हैं,लगातार हो रही इन घटनाओं से यात्रियों कोभारी परेशानी उठानी पड़ रही है,स्थानीय लोगों ने रेल प्रशासन से मांग की है कि ऐसे तत्वों की पहचान कर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि रेलवे संपत्ति की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके और यात्रियों को बेहतर सुविधा मिल सके।बता दें कि रेल प्रबंधन ने एक वर्ष पूर्व मार्च माह में अंबिकापुर दुर्ग व दुर्ग अंबिकापुर एक्सप्रेस ट्रेन के पुराने कोचों को बदल नए आधुनिक एलएचबी कोच लगाते हुए यात्रियों को आरामदायक सफर की सुविधा उपलब्ध कराई थी।

### युवा कांग्रेस नेता के खिलाफ पुलिस ने दर्ज किया अपराध

**अंबिकापुर।** सीएम कार्यक्रम से पहले शहीद चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा का अनावरण करने के मामले में पुलिस ने युवा कांग्रेस नेता के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है। नगर निगम में पदस्थ सहायक अभियंता प्रदीप कुमार पैंकरा ने शिकायत दर्ज कराई है कि शहीद चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा का लोकार्पण होना था। विभाग द्वारा प्रतिमा के लोकार्पण की तैयारी की जा रही थी इस दौरान विकल झा व अन्य लोगों ने देर रा 12 बजे मौके पर पहुंचकर प्रतिमा का लोकार्पण कर दिया। इससे अंतिम चरण की शासकीय कार्य की तैयारी में पूर्णतः बाधा पड़ गई। नगर निगम के कर्मचारियों को लगाकर फिर से साज सज्जा कराई गई। विकल झा व अन्य उसके साथी के लोकापर्ण करने से शासकीय संपत्ति का नुकसान हुआ। पुनः शहीद चन्द्रशेखर आजाद जी की मूर्ति को फुलमाला व विधिवत कवर किया गया। विकल झा व अन्य के द्वारा जो विडियो शहीद चन्द्रशेखर आजाद जी की मूर्ति लोकापर्ण का विडियो शोसल मिडिया में डाला गया था।

### सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु एचपीवी टीकाकरण अभियान



**बलरामपुर।** कलेक्टर राजेन्द्र कटारा के मार्गदर्शन एवं सीएमएचओ, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक तथा जिला टीकाकरण अधिकारी के सतत पर्यवेक्षण में जिला चिकित्सालय बलरामपुर में ह्यूमन पैपिलोमा वायरस टीकाकरण अभियान का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत विकासखंड बलरामपुर के ग्राम दलधोवा एवं जमुआटांड की 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाओं को चिन्हित कर टीकाकरण किया गया। इस दौरान डॉ. अनूप पैकरा (आरएमओ), जिला चिकित्सालय बलरामपुर द्वारा कुल 8 बालिकाओं को टीका लगाया गया। टीकाकरण प्रक्रिया पूर्णतः सुरक्षित एवं निर्धारित स्वास्थ्य मानकों के अनुरूप संपन्न की गई। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अभिभावकों को सर्वाइकल कैंसर के कारण, लक्षण, बचाव के उपाय तथा एचपीवी टीकाकरण के महत्व के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। साथ ही बताया गया कि समय पर टीकाकरण से इस गंभीर बीमारी से काफी हद तक बचाव संभव है। इस दौरान खंड चिकित्सा अधिकारी, खंड कार्यक्रम प्रबंधक, पर्यवेक्षक, आरएचओ, सीएचओ एवं स्वास्थ्य विभाग के अन्य मैदानी अमले उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### जिला खनिज संस्थान न्यास शासी परिषद की बैठक 18 को

अम्बिकापुर। कलेक्टर अजीत वसंत एवं पदेन अध्यक्ष, सरगुजा जिला खनिज संस्थान न्यास की अध्यक्षता में शासी परिषद की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया जा रहा है। यह बैठक 18 अप्रैल को पूर्वाह्न 11 बजे जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। बैठक में न्यास अंतर्गत संचालित विभिन्न विकास कार्यों और आगामी योजनाओं की समीक्षा की जाएगी। कलेक्टर ने शासी परिषद के सभी सदस्यों से बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित होने आह्वान किया है।

### विभागीय परीक्षा हेतु आवेदन तिथि 30 जून तक

अम्बिकापुर। आयुक्त कार्यालय सरगुजा संभाग द्वारा जानकारी दी गई है कि विभागीय परीक्षा माह अगस्त 2026 के आयोजन संबंधी सूचना एवं कार्यक्रम प्राप्त हो गए हैं। इस संबंध में संभाग अंतर्गत सभी जिलों के संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक सूचना प्रेषित करने के निर्देश दिए गए हैं। जारी निर्देशानुसार, विभिन्न विभागीय परीक्षाओं में सम्मिलित होने के इच्छुक अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सूची 30 जून तक अनिवार्य रूप से आयुक्त कार्यालय में भेजी जानी है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त सूची पर विचार नहीं किया जाएगा। इसके साथ ही, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के अधिकारियों-कर्मचारियों के जाति प्रमाण पत्र की प्रतिलिपि भी सूची के साथ संलग्न करना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। आयुक्त कार्यालय ने सभी विभाग प्रमुखों से अपेक्षा की है कि वे अपने अधीनस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों को समय पर सूचना प्रदान करते हुए निर्धारित समय-सीमा के भीतर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें, ताकि परीक्षा प्रक्रिया सुचारू रूप से संपन्न हो सके।

### शादी का प्रलोभन देकर अनाचार, आरोपी गिरफ्तार

बिर्रा। शादी का प्रलोभन देकर अनाचार करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार योगेश कश्यप उम्र 19 वर्ष निवासी सेमरिया थाना बिर्रा के द्वारा पीड़िता को शादी करने का प्रलोभन देकर अनाचार किया गया। पीड़िता शादी करने के लिए कहा तो आरोपी ने टालमटोल करते हुए मना कर दिया। मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 69 बीएनएस कायम कर विवेचना मे लिया। पुलिस ने आरोपी को घेरा बंदी कर सेमरिया से पकड़ा। हिरासत मे लेकर पूछताछ करने पर उसने जुर्म स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपी योगेश कश्यप को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में भेज दिया। कार्यवाही मे थाना प्रभारी बिर्रा जयकुमार साहू, नरेंद्र शुक्ला, तीजराम जांगड़े, रघुवीर यादव, तेरस राम साहू, दीपक तिवारी, लक्ष्मी नारायण कश्यप व स्टाफ का योगदान रहा।

## मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवाओं की कलेक्टर ने की गहन समीक्षा, कर्मचारियों से जवाब-तलब

# स्वास्थ्य व्यवस्था पर सख्ती: लापरवाह अधिकारी- कर्मचारियों का रुकेगा वेतन

हरिभूमि न्यूज.बैकुण्ठपुर



जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को दुरुस्त करने के लिए प्रशासन पूरी तरह एक्शन मोड में नजर आ रहा है। सोमवार को कलेक्टे्रट सभाकक्ष में आयोजित जिला स्तरीय स्वास्थ्य मिशन एवं स्वास्थ्य समिति की महत्वपूर्ण बैठक में कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और मैदानी कर्मचारियों को कड़े निर्देश देते हुए साफ कहा कि स्वास्थ्य जैसे संवेदनशील विषय में किसी भी प्रकार की लापरवाही अब बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

बैठक में जिला पंचायत सीईओ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रशांत सिंह, सिविल सर्जन सह अधीक्षक डॉ. आयुष जायसवाल, डीपीएम सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने जिलेभर से आए ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजकों, विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधकों (बीपीएम), सुपरवाइजर, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों, मितानिनों एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से सीधे संवाद कर जमीनी हकीकत को परखा। कलेक्टर ने विशेष रूप से संस्थागत प्रसव और कम वजन वाले नवजात शिशुओं के मामलों की गहन समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों से सवाल किया कि आखिर किन कारणों से बच्चों का वजन कम हो रहा है और गर्भवती महिलाओं की देखभाल में कहां कमी रह जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि गर्भावस्था के दौरान नियमित स्वास्थ्य जंच और उचित पोषण ही स्वस्थ मां और स्वस्थ शिशु की नींव है। इस दौरान कलेक्टर ने निर्देश दिए कि प्रत्येक गर्भवती महिला की नियमित एएनसी जांच सुनिश्चित की जाए, जिसमें हीमोग्लोबिन, ब्लड ग्रुप, एचआईवी, थायराइड, शुगर, यूरिन टेस्ट, वजन और ब्लड प्रेशर जैसी सभी आवश्यक जांच शामिल हों।

उन्होंने कहा कि ये सभी जांच गर्भावस्था के पहले तीन महीनों से लेकर नौवें महीने तक नियमित रूप से की जानी चाहिए, ताकि किसी भी जोखिम की समय रहते पहचान कर उचित उपचार किया जा सके। कलेक्टर ने स्वास्थ्य कर्मियों व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया कि वे गर्भवती महिलाओं को संतुलित एवं पौष्टिक आहार लेने के लिए प्रेरित करें तथा आयरन और फोलिक एसिड की गोलियां डॉक्टर की निगरानी में समय-समय पर उपलब्ध कराएं। साथ ही, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को परिवार नियोजन के प्रति जागरूकता बढ़ाने और ग्रामीण स्तर पर स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्रभावी ढंग से पहुंचाने की जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक के दौरान कलेक्टर ने पंजी और रजिस्टरों की मौके पर जांच भी की। इस दौरान कई स्थानों में जानकारी का सही संधारण नहीं पाए जाने पर उन्होंने संबंधित कर्मचारियों को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने स्पष्ट कहा कि रिकॉर्ड संधारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही गंभीर मानी जाएगी। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया कि ऐसे बीएमओ, बीपीएम और अन्य कर्मचारी जो अपने दायित्वों का निर्वहन ठीक से नहीं कर रहे हैं, उन्हें तत्काल नोटिस जारी किया जाए। आवश्यकता पड़ने पर उनका वेतन भी रोका जाए। जिला अस्पताल में कार्यरत एक काउंसलर द्वारा लापरवाहीपूर्वक जानकारी दर्ज करने पर भी उन्होंने गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने सभी स्वास्थ्य कर्मियों को चेतावनी देते हुए कहा कि मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य से जुड़े मामलों में किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने सतत निगरानी, जिम्मेदारी और संवेदनशीलता के साथ कार्य करने की हिदायत देते हुए कहा कि बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं ही जिले के समग्र विकास की आधारशिला हैं। इस दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी, काफी संख्या में चिकित्सक उपस्थित रहे।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम से महिलाएं होंगी सशक्त



बैकुण्ठपुर। सोमवार को भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय बैकुंठपुर में भाजपा महिला मोर्चा के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उद्बोधन का लाईव प्रसारण सुना। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर संसद का विशेष सत्र बुलाया है, इससे पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दिल्ली के विज्ञान भवन में नारी शक्ति वंदन सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस सम्मेलन में पहुंचे पीएम मोदी ने नारी शक्ति की सराहना की। पीएम मोदी ने नारी शक्ति वंदन सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि देश की विकास यात्रा के इन अहम पड़ावों के बीच भारत 21 वीं सदी के महत्वपूर्ण निर्णयों में से एक महत्वपूर्ण निर्णय यह है कि निर्णय नारी शक्ति को समर्पित है। लोकतांत्रिक संरचना में महिलाओं को आरक्षण देने की जरूरत दशकों से हर कोई महसूस कर रहा था। इस विमर्श को करीब 4 दशक बीत गए। इसमें सभी पार्टियों के और कितनी ही पीढ़ियों के प्रयास शामिल हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि हमारे देश की संसद एक नया इतिहास रचने के करीब है। विधानसभाओं से लेकर संसद तक दशकों की प्रतीक्षा के अंत का समय आ गया है, इसलिए सरकार 16 से 18 अप्रैल तक संसद का स्पेशल सेशन लाई है। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं के जीवन का बड़ा अवसर बनने जा रहा है। संसद तक पहुंचने का रास्ता आसान बनने जा रहा है। आज महिलाओं की भूमिका और भी अहम हो गई है। हमारी योजनाओं से औरतें आर्थिक रूप से ताकतवर बनीं। इस अवसर पर महिला मोर्चा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रीता यादव, जिला महामंत्री पुष्पलता राजवाड़े, ममता कुशवाहा, जिला उपाध्यक्ष रेखा यादव, संगीता गुप्ता, लक्ष्मी साहू, जिला मंत्री आंचल सिंह परमार, जिला सह कोषाध्यक्ष शीला राजवाड़े, जिला कार्यालय मंत्री गीता साहू, भाजयुमो जिला महामंत्री साक्षी सिंह राजपूत, सह कार्यालय मंत्री पार्वती रजक, गीता एक्का, मंडल महामंत्री तोता रानी, शिल्पा शर्मा, पुष्पा पाल, मंडल अध्यक्ष आभादेवी चौहान, सीमाकली, सीमा साहू, रीना साहू, शीतल साहू, प्रतिमा साहू सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# 33 साल बाद दोस्तों का संगम 1994-95 बैच का रीयूनियन

## कई राज्यों में निवासरत दोस्त मिले बैकुंठपुर में

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

बैच 1994-95 के मित्रों का 33 वर्षों बाद 10 से 12 अप्रैल तक आयोजित भव्य रीयूनियन कोरिया जिले में यादगार बन गया। देश के विभिन्न शहरों और राज्यों रायपुर, भोपाल, बिलासपुर, बिहार, झारखंड, अहमदाबाद, दुर्ग, मनेन्द्रगढ़ सहित कई स्थानों से पुराने सहपाठी अपने बचपन और युवावस्था की सुनहरी यादों को फिर से जीने के लिए कोरिया पहुंचे। इस खास आयोजन की कमान महिला मित्रों की टीम ने संभाली, जिन्होंने रामसेतु होटल में ठहरने और कार्यक्रम की शानदार व्यवस्था की।

रीयूनियन के पहले दिन सभी मित्रों ने अपने गुरूजन का आत्मीय स्वागत और सम्मान किया। चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया गया, जिससे माहौल भावुक हो उठा। इसके बाद सभी ने कोरिया पैलेस और झुमका डैम का भ्रमण किया, जहां डांस, मस्ती, सेल्फी और ग्रुप फोटो के बीच पुराने दिनों की यादें ताजा हो गइ्ंर्। शाम को 90 के दशक के गीतों पर जमकर डांस हुआ और हंसी-ठिठोली के बीच कॉलेज के दिन फिर जीवंत हो उठे। दूसरे दिन सभी मित्र अपने पुराने शिक्षण संस्थान रामानुज प्रताप सिंहदेव कॉलेज पहुंचे और कक्षाओं, परिसर व मैदान का भ्रमण कर छात्र जीवन को याद किया। इसके बाद गर्ल्स स्कूल और अभ्यास शाला प्राइमरी स्कूल जाकर बचपन की मासूम यादें ताजा कीं। प्रार्थना स्थल पर सभी ने एक साथ जन-गण-मन राष्टगान गाया, जिससे वातावरण भावनाओं से भर गया। इस दौरान स्कूल प्राचार्य भी उपस्थित रहे।

मित्रों ने खेलकूद, हंसी-मजाक और पुरानी शरारतों को याद कर खूब आनंद लिया। इसी दौरान गुलाब गुप्ता, शांति बड़ेरिया, आलोक, आशीष, अनूप, मोनू, रुचि बड़ेरिया एवं उनके परिवार ने सभी का आत्मीय स्वागत कर उपहार भेंट किए, जो कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रहा। तीसरे दिन सभी ने सोनहत स्थित घुनघुट्टा डैम और आनंदपुर नर्सरी सुंदर वन का भ्रमण किया। हरियाली, पहाड़ों और ठंडी हवाओं के बीच सभी ने सुकून के पल बिताए। फोटोशूट, डांस, गीत-संगीत और बचपन की यादों ने इस दिन को और भी खास बना दिया। तीन दिनों तक चले इस रीयूनियन में दोस्ती, अपनापन, सम्मान और पुरानी यादों का अनूठा संगम देखने को मिला। 33 साल बाद मिले इन दोस्तों ने यह साबित कर दिया कि सच्ची दोस्ती समय और दूरी की मोहताज नहीं होती।



### रीयूनियन में शामिल हुए ये लोग

मोना जायसवाल, अपर्णा मित्रा, प्रीती गुप्ता, जितेन्द्र जैन, ज्योति सिंह, प्रदीप नामदेव, अनुराधा मंडल, सुरेश गुप्ता, मनोरमा शुक्ला, रेनू, आरती सिंह, आशा पटवा, रेखा यादव, गीता सिंह, शालिनी गुप्ता, अमूदा कृष्णनन, रुहिली दास, रंजीता गुप्ता, कृपा पांडे, अंजू जैन, सुमन दुबे, शोभा सोनी, अभय बड़ेरिया, आलोक यादव, भूपेन्द्र सिंह, भूपेन्द्र पाल, विजय सिंह ठाकुर, आशीष गुप्ता, धीरेन्द्र दीक्षित, अजीत लकड़ा, डिम्मी गुप्ता, जय प्रकाश गुप्ता, कामिनी दुबे एवं अजीत पटेल सहित अन्य साथी उपस्थित रहे।

# अलग-अलग सड़क दुर्घटना में चार लोगों की गई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

अलग-अलग सड़क दुर्घटना में चार लोगों की मौत हो गई। एनएच 130 पर 12 घंटे के भीतर ही तीन लोगों की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई वहीं आज दोपहर बनारस रोड में स्कॉर्पियो की टक्कर से बाइक सवार एक युवक मौके पर ही ही मौत हो गई जबकि सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार लटोरा बिहारपुर निवासी पंकज सिंह रविवार की दोपहर बाइक से किसी काम के सिलसिले में लटोरी गंगापुर निवासी कमलेश राजवाड़े व एक अन्य युवक के साथ शहर की ओर आ रहे थे। जैसे ही बाइक सवार चठिरमा बैरियर के समीप पहुंचे तभी शहर की ओर से लटोरी की ओर जा रहे स्कार्पियो वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। स्कॉर्पियो की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार पंकज सिंह की मौके पर ही मौत हो गई जबकि कमलेश व एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। इधर घटना की जानकारी लगने पर गांधीनगर पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंच घायलों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया वहीं मृत युवक के शव को मरच्यूरी में रखवा दिया है। गांधीनगर पुलिस ने घटना कारित स्कॉर्पियो को जब्त किया है वहीं मृतक के परिजन के आने पर मामले में अपराध दर्ज किया जा रहा है। वहीं एक अन्य घटना में लखनपुर थाना अंतर्गत ग्राम कोसंगा निवासी प्रमोद कुमार आ. धनीराम (20 वर्ष) शुक्रवार को रिश्तेदार के शादी के बाद होने वाले कार्यक्रम में शामिल होने उदयपुर के पंडरी डांड़ गया था। रात में परिचित अमगसी निवासी दिनेश को छोड़ने जा रहा था। जैसे ही बाइक सवार एनएच 130 उदयपुर पेट्रोल पंप के समीप पहुंचे तभी मुख्य मार्ग पर मवेशी से टकरा गए जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उदयपुर अस्पताल में दाखिल कराया गया। चिकित्सकों ने दोनों की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान प्रमोद कुमार की मौत हो गई वहीं घायल का उपचार जारी है।

### विद्युत पोल से टकराई बाइक, दो युवकों की दर्दनाक मौत, एक गंभीर



रजपुरीकला। लखनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम जमगला स्थित राइस मिल के पास रविवार दोपहर करीब 2.30 बजे एक भीषण सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर सीधे विद्युत पोल से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसा बेहद भयावह था। बाइक की रफ्तार इतनी अधिक थी कि टक्कर के बाद तीनों युवक दूर जा गिरे। घटना की सूचना भाजपा मंडल अध्यक्ष दिनेश बारी ने पुलिस को दी। उन्होंने तत्परता दिखाते हुए घायल युवक को लखनपुर अस्पताल पहुंचाया। जहां दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम छिंदकालो निवासी आदित्य आ. महेश राम व बाबूलाल आ. भगत राम को जांच उपरांत मृत घोषित कर दिया वहीं घायल अमन आ. संतोष का प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां घायल का इजाल चल रहा है।

# विक्षोभ का प्रभाव खत्म, 24 घंटे के भीतर तापमान में 4 डिग्री की वृद्धि

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

पछुआ विक्षोभ के कमजोर पड़ते ही गर्मी ने अपना तेवर दिखाना शुरू कर दिया है। विक्षोभ का असर खत्म होने के बाद पिछले चार दिनों से दिन के तापमान में लगातार वृद्धि हो रही है। मौसम कार्यालय द्वारा रविवार को दिन के तापमान में 4.0 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि दर्ज की गई है।

उत्तर भारत में एक के बाद एक लगातार पछुआ विक्षोभ सक्रिय होने के कारण मौसम पूरी तरह से बदल गया था। इस दौरान आसमान पर बादलों का घनत्व बढ़ने के साथ ही प्रायः हर दिन अलग-अलग क्षेत्रों में आंधी एवं गरज-चमक के साथ बारिश हो रही थी। बेमौसम बारिश के कारण दिन एवं रात के तापमान में तेज गिरावट दर्ज की गई थी तथा तापमान सामान्य के नीचे पहुंच गया था। मौसम में आए बदलाव के कारण उद्यानिकी फसलों को भारी नुकसान पहुंचा था। राहत की बात रही बेमौसम बारिश से गर्मी से लगभग एक पखवाड़े तक राहत रही। विक्षोभ का प्रभाव 8 अप्रैल को खत्म हो गया है जिसके बाद से दिन के तापमान में लगातार वृद्धि हो रही है। मौसम कार्यालय द्वारा 8 अप्रैल को अधिकतम तापमान 30.8 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया था। विक्षोभ का प्रभाव खत्म होते ही पश्चिमोत्तर की गर्म हवाओं का प्रभाव शुरू हो गया है तथा दिन के तापमान में लगातार वृद्धि हो रही है। पिछले चार दिनों में दिन के तापमान में 7 डिग्री जबकि पिछले 24 घंटे में दिन के तापमान में 4 डिग्री से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई है। मौसम कार्यालय द्वारा शनिवार को अधिकतम तापमान 33.9 डिग्री रिकॉर्ड किया गया था जो रविवार को बढ़कर 36.8 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया है। मौसम को स्थिति को देखते हुए मौसम विज्ञानी दिन के तापमान में आगामी दिनों में 2-3 डिग्री की वृद्धि होने एवं तापमान के 38.0 डिग्री के ऊपर पहुंचने की संभावना व्यक्त कर रहे है। इधर 15 अप्रैल को उत्तर भारत में एक नए पछुआ विक्षोभ के सक्रिय होने की संभावना है। विक्षोभ का प्रभाव पहुंचने के उपरांत 18 अप्रैल से तापमान में स्थिरता आने की संभावना जताई जा रही है। मौसम विज्ञानी अक्षय मोहन भट्ट ने बताया कि विक्षोभ के प्रभाव से तापमान में वृद्धि का क्रम कुछ दिनों के लिए रूकने की संभावना है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### लापरवाही : स्कूल परिसर...

अभिभावकों और ग्रामीणों में इस लापरवाही को लेकर नाराजगी है। उनका कहना है कि वे बच्चों को पढ़ने भेजते हैं, लेकिन यहां उनकी जान जोखिम में डाल दी गई है। खुले बिजली के तार, जर्जर भवन और असुरक्षित माहौल किसी बड़ी अनहोनी का संकेत दे रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि एसईसीएल प्रबंधन और नगर पालिका की घोर लापरवाही के कारण यह स्थिति बनी है। यदि समय-समय पर सफाई होती, तो आज यह हालात नहीं बनते। शिक्षकों ने भी नाम न छापने की शर्त पर बताया कि कई बार उच्चाधिकारियों को जानकारी दी गई, लेकिन हर बार केवल आश्वासन मिला, जमीनी स्तर पर कोई सुधार नहीं हुआ। एक ओर सरकार सुरक्षित और बेहतर शिक्षा का दावा करती है, वहीं जमीनी हकीकत बेहद डरावनी है। सवाल यह है कि क्या प्रशासन किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है। स्कूल भवन और शौचालय की तत्काल मरम्मत कराया जाए, परिसर में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की जाए, खुले पड़े बिजली के तारों को तुरंत हटाया जाए, असामाजिक गतिविधियों पर सख्त रोक लगाई जाए। स्थानीय लोगों ने साफ कहा है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो वे उग्र आंदोलन के लिए मजबूर होंगे।

### प्रतीक्षा बस स्टैण्ड...

हो गया। उल्लेखनीय है कि इसके पहले इस दिशा में पहल नहीं होने के कारण दर्जनों की संख्या में निजी टैक्सियां प्रतीक्षा बस स्टैंड के बाहर मुख्य मार्ग किनारे दिनभर खड़ी रहती थी, इससे यातायात भी उक्त जगह पर बाधित होता था और लोगों को भी आवागमन करने में सतकर्तता अधिक बरतनी पड़ती थी। अब प्रतीक्षा बस स्टैंड का बाहरी हिस्सा निजी वाहनों के अतिक्रमण से मुक्त हो गया। शहर में यातायात व्यवस्था सुधारने की दिशा में यह महत्वपूर्ण पहल है। पहले प्रतीक्षा बस स्टैंड के बाहरी हिस्से में सड़क किनारे निजी वाहनों के खड़ा रहने के कारण सड़क के किनारे तक का हिस्सा वाहनों के अतिक्रमण क्षेत्र में आ जाता था, इसके चलते उक्त स्थल पर आवागमन करने वालों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता था साथ ही संभावित दुर्घटना की संभावना भी बनी रहती थी।

# वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित




चरचा कॉलरी। ऑक्सफोर्ड पब्लिक इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल चरचा में 13 अप्रैल को शैक्षणिक सत्र 2025-26 का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस अवसर पर नर्सरी से लेकर नवमी एवं ग्यारहवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों को उनका परीक्षा परिणाम वितरित किया गया। समारोह में विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों की भारी उपस्थिति ने पूरे आयोजन को उत्सव का रूप दे दिया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य कुंदन पाण्डेय के नेतृत्व में कार्यक्रम संपन्न हुआ। समारोह की विशेष आकर्षण यह रही कि नर्सरी से 11 वीं तक प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान बच्चों के चेहरों पर खुशी और आत्मविश्वास झलक रहा था, वहीं अभिभावकों ने भी गर्व के साथ इस पल का आनंद लिया। विद्यालय प्रबंधन ने नए शैक्षणिक सत्र के लिए प्रवेश प्रारंभ होने की घोषणा भी की, जिससे अभिभावकों में खासा उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य बैजनाथ सिंह सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं सुरेश प्रसाद, श्रीमती ममता चक्रवर्ती, ब्रह्मानंद राय, विश्वनाथन ठाकुर, मिस बेबी, श्रीमती आशा दास, तपेश्वरी, लक्ष्मी पाण्डे, श्रीमती ज्योति राजवाड़े, श्रीमती मनप्रीत कौर, श्रीमती रमनदीप, श्रीमती संजना सोनी, निधि पाण्डे, खुशबू विश्वकर्मा एवं अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। विद्यालय प्रबंधन ने जानकारी दी कि कक्षा 5 वीं, 8 वीं, 10 वीं एवं 12 वीं के बोर्ड परीक्षा परिणाम बाद में घोषित किए जाएंगे। समारोह के समापन पर डायरेक्टर श्रीमती शशि पाण्डेय ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डायरेक्टर श्रीमती पाण्डे ने बताया कि यह आयोजन न केवल विद्यार्थियों की मेहनत का सम्मान था, बल्कि उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने और उज्जवल भविष्य की ओर अग्रसर करने वाला प्रेरणादायक कदम भी साबित हुआ।

# चिड़ियाघर का आकार लेगा संजय पार्क

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

वन विभाग ने एक बार फिर संजय वन वाटिका के स्वरूप में व्यापक बदलाव करने की योजना बनाई है तथा वाटिका को चिड़ियाघर के रूप में विकसित करने का प्रस्ताव शासन को भेजा है। विभाग ने वन वाटिका में पर्यटकों के लिए सुविधाएं विकसित करने एवं इसके सौंदर्यीकरण के साथ ही वाटिका में निवासरत वन्य जीवों को खुले जंगल में छोड़ने का भी प्रस्ताव शासन को भेजा है।

वन परिक्षेत्र अम्बिकापुर अंतर्गत पासन वनखण्ड अंतर्गत रामानुजगंज मार्ग के किनारे वर्ष 1980 में सूखा राहत मद से संजय वन वाटिका को विकसित किया गया था। वर्ष 1985-86 में तत्कालीन वन मण्डलाधिकारी जेपी शर्मा के प्रयासों से वाटिका का सौंदर्यीकरण कराने के साथ ही इसमें सरगुजा संभाग में पाई जाने वाली दुर्लभ वनौषधियों का रोपण कराया गया जिसे देखने दूर-दूर के विशेषज्ञ एवं वैद्य पहुंचते थे। वाटिका के लिए शासन से बजट का प्रावधान नहीं होने के कारण इसकी देखरेख एवं संधारण में समस्या होने पर अधिकारी इसके स्वरूप में बदलाव करने की योजना बनाते रहे ताकि आय सृजन का साधन विकसित हो पहली बार वर्ष 2001-02 में पानी की तलाश में आबादी क्षेत्र में पहुंचे एवं घायल वन्य जीवों को रखने के लिए रेस्क्यू सेंटर बनाने की योजना बनी। घायल पशुओं के स्वास्थ्य होने पर बीच-बीच में उन्हें खुले जंगल में भी छोड़ा गया। इधर वन्य जीवों को देखने दूर-दूर के पर्यटक पहुंचने लगे तो विभाग ने वाटिका ने वाटिका के देखरेख की जिम्मेदारी शंकरघाट वन प्रबंधन समिति को सौंप दी।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता
07 मई, 11 मई,
25 मई, 06 जून, 15 जून 2026
राशि:-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 31,500/-, 2 एसी- 38,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग
त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग
मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग
किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड
अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग
मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त